## सार-समाचार

### बाल वाहिनी योजना समिति की बैठक

**सीकर,** (निसं)। बाल वाहिनी योजना समिति की बैठक शुक्रवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह जोधा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समिति के सदस्य सचिव एवं जिला परिवहन अधिकारी ताराचंद बंजारा ने बताया कि बैठक में स्कूली बच्चों की सुरक्षा और सडक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में 36 सीट से अधिक क्षमता वाले वाहनों को कम ट्रैफिक वाले क्षेत्रों में संचालित करने के लिए संस्था प्रधानों को निर्देश दिए गए। स्कूलों में सड़क सुरक्षा क्लब के गठन के लिए पाबंद करने, स्कूलों के सेफ जोन का ऑडिट करवाने, बाल वाहिनी चालकों की स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच के लिए शिविर आयोजित करने, और दूरस्थ क्षेत्रों में बाल वाहिनी वाहनों की जांच करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, बाल वाहिनी चालकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य करने, भारी वाहनों में स्कूली बच्चों को ले जाने पर कड़ी कार्रवाई करने, चालकों के लिए सड़क सुरक्षा कार्यशाला और प्रशिक्षण आयोजित करने, जिले के स्कूलों की सड़क सुरक्षा ऑडिट करवाने, और ब्लैक स्पॉट्स को दूर करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी विरेन्द्र सिंह राठौड़, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरीया, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) सुरेन्द्र सिंह शेखावत, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी रामचन्द्र बगड़िया, सहायक अभियंता सानिवि सुधीर कुमार, राजस्व अधिकारी नगर परिषद प्रमोद कुमार, डीआरएम आईरैड गौरव माथूर, जिला यातायात प्रभारी सुभाष चन्द, निजी शिक्षण संस्थानों, कोचिंग इंस्टीट्यूट एसोसिएशन, बस यूनियन, और ऑटो यूनियन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मूर्ति स्थापना समारोह में मंगलपाठ

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। यहां मुकुंदगढ़ रोड पर स्थित प्राचीन जीण माता मंदिर में जीण माता जी की मूर्ति स्थापना की गई। पंडित वेणीप्रसाद शर्मा के आचार्यत्व में मूर्ति स्थापना समारोह में मुख्य यजमान बुद्धकरण, गणेश व कन्हैया नारनौली द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। समारोह के आयोजक व्यवसायी गणेश नारनोली ने बताया कि जीण माता मंदिर से आए निज पुजारी किशनलाल पाराशर व कुलदीप पाराशर के सानिध्य में सुबह जीण माता मंदिर में स्थापित जीण माता की हूबहू मूर्ति की ही लक्ष्मणगढ़ के जीण माता मंदिर में विधिवत स्थापना की गई है। मूर्ति स्थापना के बाद दोपहर में मंदिर प्रांगण में राहुल सैन झुंझुनूं द्वारा जीण माता का मंगलपाठ किया गया। खचाखच भरे जीण माता मंदिर में उपस्थित मातृ शक्तियों ने जीण माता मंगलपाठ में जन्मोत्सव, मेंहदी व चुनरी प्रसंग में नाचकर मैया को रिझाया। इस अवसर पर जीण माता मंदिर पुजारी ठाकुरदास पाराशर, रमेश मौसूण, रामस्वरूप सोमानी, सुमेरसिंह शेखावत ढोलास, स्वर्णकार समाज अध्यक्ष रामप्रसाद जड़िया, पवन नारनोली, महेश सोनी, जयकांत खरादी, सुरेश रोडा, सज्जन पारीक, राजकुमार कटराथला, महेश चिकना, ईश्वरीप्रसाद सोनी, महेश रोड़ा, मनोज नाहरिया, संजीव खाटूवाला, राजकुमार सुगंध, मनोज कटराथला, अनंत सैन, विनोद सैन, उम्मेद सोनी सीकर, रमेश सोनी लाडनूं, अरुण भरतीया, राकेश पारीक सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### ब्राइट माइंड्स स्कूल का निरीक्षण किया

**चूरू** (निसं)। ब्राइट माइंड पब्लिक स्कूल में शनिवार को ट्रस्टी भगवती प्रसाद बियानी ने विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय पहुंचने पर उनका माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं, प्रयोगशालाओं का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यालय में हो रही शैक्षिणक व सहशैक्षिणक गतिविधियों का निरीक्षण किया और उनकी सराहना करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए और आवश्यक शैक्षिणक संसाधन उपलब्ध करवाने का आष्वासन दिया। उन्होंने स्टॉफ सदस्यों से वार्ता कर उनके कार्यकाल की सराहना की। इस अवसर पर आर्ट एंड क्राफ्ट नेशनल प्रतियोगिता में देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय की छात्रा फातिमा नूर का प्रशस्ति पत्र और 3100 रुपये प्रदान कर सम्मान किया गया। विद्यालय परिवार ने उनके आगमन पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर पिंजरापोल गौशाला के ट्रस्टी महेश सोनी, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामगोपाल बहड़, सचिव भगीरथ शर्मा, प्रबंध समिति के राजेश मंडावेवाला, श्यामसुंदर शर्मा, राजेश भावसिंहका, विमल सिंह राठौड़, वाहिद अली खान, रामस्वरूप शर्मा प्रिंसिपल राहुल शर्मा आदि उपस्थित थे।

### सेवानिवृति पर विद्यालय को एलईडी, इनवर्टर व इलेक्ट्रिक बेल भेंट की

**उदयपुरवाटी** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोट में वरिष्ठ अध्यापक के पद पर कार्यरत महेंद्र कुमार जांगिड ने अपनी सेवानिवृति पर विद्यालय परिवार को एलईडी, इनवर्टर व इलेक्ट्रिक बेल भेंट की है। इसको लेकर विद्यालय में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एडवोकेट मोतीलाल सैनी, पूर्व सरपंच आसकरण गुर्जर, मदनलाल कुमावत, वार्ड पंच सुनील शेरावत, रोहिताश्व भार्गव, रामस्वरूप शर्मा थे। समारोह में सेवानिवृत हुए महेंद्र कुमार जांगिड़ का पुष्प माला व साफा पहनाकर तथा सॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह सैनी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र प्रसाद सैनी ने किया। कार्यक्रम में बलराम गुर्जर, रामावतार सैनी, प्रताप सिंह खेदड़, अमर सिंह मीणा, गोपाल सैनी, बजरंगलाल, मंजू मीणा, सुशीला, अमित भारद्वाज, बाबूलाल कांटीवाल, सांवताराम मीणा, सुरेश कुमार राठी सहित कई ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### आज 5 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**चूरू** (निसं)। 33 केवी सातडा लाईन विद्युतीकरण के रखरखाव के लिये रविवार 31 अगस्त को 132 केवी जीएसएस चूरू से संचालित 33 केवी चूरू में प्रातः 6 से 9 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जिससे 33-11 केवी जयपुर रोड जीएसएस, धर्मस्तूप जीएसएस व पूनिया कॉलोनी जीएसएस से जुडे सभी उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता ग्रामीण (सातडा) पीयूष कुमार मीणा ने बताया कि इसके अतिरिक्त रतनगढ़ रोड़ से महिंद्रा एजेंसी तक, जिसमें पंखा सर्किल, कृषि मंडी, हनुमान जी की ढ़ाणी, गुर्जरों की ढाणी, आपणों नगर, राम रहीम कॉलोनी, आथुना मोहल्ला, धोबी चौक, तुगलक कॉलोनी, बादशाह कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, सैनिक बस्ती, कृषि मंडी के पीछे व इन क्षेत्र के सम्बन्धित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति प्रातः 6 से 11 बजे तक 5 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### भामाशाह सम्मान समारोह आज

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर में जाट समाज सेवा संस्थान की ओर से वीर तेजा दशमी के उपलक्ष में 31 अगस्त को जाट समाज का स्नेह मिलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। राजलदेसर जाट समाज के मंत्री नगर पालिका उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश ने बताया की 31 अगस्त को जाट समाज का स्नेह मिलन समारोह एवं भामाशाह सम्मान का आयोजन होगा जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चूरू सांसद राहुल कस्वां, व रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, रतनगढ़ प्रधान प्रतिनिधि इंद्राज खीचड़, कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी ताराचंद पायल, जाट समाज के अध्यक्ष पूर्णमल लोमहरोड होंगे। आयोजन सुबह 10 बजे भैंरूजी मंदिर के पास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।

### शिव प्रसाद चेजारा नगर अध्यक्ष बने

**उदयपुरवाटी** (निसं)। कस्बे के पूर्व पार्षद शिव प्रसाद चेजारा को कांग्रेस नगर मंडल अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की जाहिर की है। पूर्व पार्षद शिव प्रसाद चेजारा को कांग्रेस नगर मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बीएल सैनी, पूर्व अध्यक्ष रूडमल सैनी, प्रतिपक्ष नेता विश्वेश्वर लाल सैनी, पार्षद राजेंद्र प्रसाद मारवाल, पार्षद अब्दुल अज़ीज़ कच्छावा, पार्षद शिवदयाल स्वामी, पार्षद गोविंद वाल्मीकि, अमित अली कच्छावा, फारूक अहमद, पूर्व सरपंच प्रहलाद गिल, कुरडाराम कलाल ,बबलू जांगिड़, सुरेंद्र चेजारा सहित कई लोगों ने बधाई प्रेषित किया

### वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता राकेश शरण गर्ग के निर्देशन में केपीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एलएनडीटी कंपनी के पीएम शौमित श्रीवास्तव ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों संग पौधे लगाए।

# 'महिलाओं एवं बालिकाओं को कानूनी रूप से सजग करके समाज में समानता स्थापित करने के लिए प्रेरित करें'

**सीकर** (निसं)। जिला परिषद सभागार में बेटी बचाओं, बेटी पढाओं योजनान्तर्गत जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के नवाचार'' सजग लाडों अभियान'' के तहत दो दिवसीय जिला स्तरीय साथिन मास्टर ट्रेनर क्षमतावर्धन एवं आमुखीकरण कार्यशाला का समापन जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

इस दौरान जिला कलेक्टर शर्मा ने अपने उद्बोधन में ग्राम साथिनों से बेटा-बेटी में भेद-भाव समाप्त कर दोनों को समान रूप से पोषण एवं शिक्षा प्रदान करने एवं महिलाओं, बालिकाओं को कानूनी रूप से सजग करके समाज में समानता स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया।

राजेन्द्र कुमार चौधरी उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में सजग लाडो अभियान के तहत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के क्रम में जिला स्तर पर साथिन मास्टर ट्रेनर क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन करके ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर स्टॉक होल्डर को प्रशिक्षित करके आमजन तक अभियान की पहुंच स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया।




**सीकर में सजग लाडो अभियान के तहत जिला स्तरीय साथिन मास्टर ट्रेनर कार्यशाला का आयोजन हुआ।**

नन्दलाल पूनिया पीसीपीएनडीटी द्वारा गर्भधारण पूर्व एवं प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (लिंग, चयन, प्रतिषेध) अधिनियम 1994 के बारे में बताया गया। विद्या जोशी द्वारा महिला संरक्षण के लिए महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित योजना वन स्टॉप सेन्टर (सखी केन्द्र) योजना के बारे में जानकारी दी गई। कृष्णा सोनी द्वारा महिलाओं को नये आपराधिक कानूनों के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को प्रदान किये गये विशेष प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में तूफान सिंह सहायक उपनिरीक्षक द्वारा नये आपराधिक कानूनों, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम में महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रावधानों तथा उनके व्यावहारिक उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। पुरुषोतम शर्मा अधिवक्ता सीकर द्वारा महिला संरक्षण से संबंधित कानूनों (घरेलू हिंसा से महिलाओ को संरक्षण अधिनियम 2005, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोषण अधिनियिम 2013 के बारे में बताया गया। अर्चना मौर्य राजीविका द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण व स्वरोजगार से संबंधित स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से संबंधित जानकारी दी गई।

एम.एल मीणा डीडीएम नाबार्ड द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा प्रदान किये जा रहे अनुदान की जानकारी प्रदान की गई तथा उद्योग विभाग से कृष्ण कुमार जिला उद्योग अधिकारी द्वारा महिलाओं के रोजगार के लिए विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में राकेश कुमार मोगा पीएनबी बैंक, पुरूषोतम शर्मा अधिवक्ता सीकर, अमर सिंह हैड कांस्टेबल, समस्त पर्यवेक्षक, कार्यालय स्टाफ, पीएसएसके, खण्डेला, नीमकाथाना, पाटन, अजीतगढ, श्रीमाधोपुर, दांतारामगढ़ ब्लॉक की समस्त साथिनें उपस्थित रही।

### भंडारे में श्रद्धालु उमड़े

**चिड़ावा** (निसं)। शहर की हृदयस्थली विवेकानंद चौक में चल रहे गणेश महोत्सव में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। शनिवार को विवेकानंद चौक में चौक के राजा का भंडारा आयोजित किया गया।

विवेकानंद मित्र परिषद के संरक्षक महेंद्र जोशी केवलदास मंदिर के महंत जयराम स्वामी के सान्निध्य में पंडित सुनील शर्मा के मंत्रोच्चार के मध्य गणेश जी को प्रसादी का महाभोग समर्पित कर विधिवत भंडारे का शुभारम्भ किया। इसके बाद उमड़े श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध बैठाकर भगवान का प्रसाद ग्रहण कराया गया।

इस दौरान अतिथियों का मंडल अध्यक्ष संदीप फतेहपुरिया, जयराम स्वामी, महेश शर्मा धन्ना, रोहिताश्व महला, रमेश मराठा, राजू मराठा, सुरेश डालमिया सहित मंडल कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

इसके बाद दिनभर भंडारे में उमड़े हजारों लोगों को बुंदिया, भुजिया, पूरी सब्जी का प्रसाद परोसा गया। इस मौके पर सेवा भावी कार्यकर्ताओं के साथ ही महिलाओं और बच्चों ने भी भंडारे में सेवा दी।

शाम को आरती में भी काफी भीड़ उमड़ रही है। रविवार को रात्रि में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। वहीं सोमवार को महा आरती होगी मंगलवार को सुबह हवन होगा और दोपहर में पूजन और आरती के बाद विसर्जन यात्रा रवाना होगी।

### गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

**रतनगढ़** (निसं) भारत विकास परिषद् -शाखा द्वारा श्री गांधी बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में मंच पर स्थानीय शाखा के प्रांतीय उपाध्यक्ष (सेवा) वासुदेव चाकलान, जिला सह समन्वयक लक्ष्मीनारायण शर्मा, शाखा सचिव परमेश्वर लाल आत्रेय, सी.ए. अरूण शर्मा और संस्था प्रधान ऊषा मिश्रा मंचस्थ अतिथि के रूप में उपस्थित थे।विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का शाब्दिक स्वागत् किया गया। उल्लेखनीय कार्य करने पर विद्यालय की शिक्षिका सुनीता राठौड, प्रियंका प्रजापत एवं वर्षा प्रजापत को दुपट्टा ओढ़ाकर, कंठहार पहनाकर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# रतनगढ़ में कामगार समाज का महाकुंभ आज

■ 2500 प्रतिभाओं को किया जाएगा सम्मानित

**राजलदेसर** (निसं)। रतनगढ़ में आज सेठ बुधमल दुगड़ नेहरू स्टेडियम में विशाल कामगार समाज का महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राजस्थान प्रदेश के मंत्री पूर्व मंत्री विधायक सहित जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

कार्यक्रम को लेकर शनिवार को राजलदेसर में कामगार समाज के अध्यक्ष जयचंद महावर के नेतृत्व में प्रजापति भवन से जुलूस के रूप में मार्केट में रवाना हुआ जो डोर टू डोर व्यापारियों को पीले चावल देकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आव्हान किया। इस अवसर पर कामगार समाज के सैकडों व्यक्ति उपस्थित थे वही विशेष कर युवाओं में काफी उत्साह नजर देखने को मिल रहा है समाज के अध्यक्ष जयचंद महावर ने बताया 20 बस, 50 छोटी गाडियों से रतनगढ़ के लिए आज रवाना होंगे। इसी प्रकार अंबेडकर भवन के अंदर विशाल नुक्कड सभा आयोजन किया गया जिसमें कामगार समाज के सैकडो व्यक्ति उपस्थित रहे एवं सभी ने आज के प्रोग्राम में अधिक से अधिक संख्या में रतनगढ़ पहुंचने का संकल्प लिया। साथ ही भविष्य की योजना के बारे में भी कामगार समाज के व्यक्तियों ने अलग-अलग अपने विचार व्यक्त किया।

इस अवसर पर परमेश्वर घोड़ेला, भगवानाराम कुचेरिया, शंकरलाल खडोलिया, नेता प्रतिपक्ष दीनदयाल स्वामी, कालूराम तंवर, चैन रूप भाटिया, रतनलाल बारूपाल, भवानी मंत्री, इंद्रपाल प्रजापत, पवन मारू, सुरेंद्र टाक, प्रदीप दर्जी, शिव भगवान सोनी, अजीत सुथार, विनोद भाटिया, मांगीलाल प्रजापत, संतोष सुथार, गणेश रेवाड़िया, मनोज मारू, किशन मारू, लालचंद प्रजापत मास्टर सहित सैकड़ों व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसेडर प्रशिक्षण प्रारंभ

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में हेल्थ एन्ड वैलनेस एम्बेसडर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रत्येक विद्यालय से दो शिक्षकों को नामित किया गया है। राजकीय विद्यालयों में कक्षा 12वी तक पढ़ने वाले बच्चो की आंखों की जांच (दूरदृष्टि एवं कलर ब्लाइंडनेस) हेतु विद्यालय स्तर पर प्राथमिक स्क्रीनिंग की जानी है जिस हेतु प्रत्येक विद्यालय से दो शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाना है। प्रशिक्षण 29 अगस्त से 3 सितंबर तक 50-50 शिक्षकों के बैच में आयोजित किया जाएगा जिस क्रम में आज दो बैचों के कुल 91 शिक्षकों को हेल्थ एन्ड वैलनेस एम्बेसडर का प्रशिक्षण जिला अस्पताल, लक्ष्मणगढ के नेत्र सहायक पवन कुमार सैनी द्वारा नेत्र जांच की प्राथमिक स्क्रीनिंग के बारे में विस्तार से बताया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश कस्वां, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी ने भी विद्यार्थियों की नेत्र जांच एवं प्रशिक्षण की उपयोगिता के बारे में बताया। बीपीओ विकाश तुनवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य एवं प्रशिक्षण की रूपरेखा के बारे में जानकरी प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि ब्लॉक नेछवा में भी हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसेडर का प्रशिक्षण गणेश कॉलेज गनेडी में आयोजित किया जा रहा है जिसमेशुक्रवार को शिक्षकों के एक बैच को उपजिला अस्पताल नेछवा के नेत्र सहायक दीपिका टेलर द्वारा प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया है। इस प्रशिक्षण में ब्लॉक लक्ष्मणगढ के कुल 278 शिक्षकों को एवं ब्लॉक नेछवा के कुल 123 शिक्षकों को हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसेडर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से आरपी सुरेश भास्कर सहित विधालयों से आये शिक्षक एवं चिकित्सा विभाग के कार्मिक उपस्तिथ हुए।

### काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करवाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ जयपुर के संभाग प्रभारी श्यामसुंदर शर्मा ने बताया कि जांचों के निजीकरण के विरूद्ध, पूर्व में 18 अगस्त को दिए गए ज्ञापन के बाद 10 दिन की समय सीमा के उपरांत 28 अगस्त से 30 अगस्त तक काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया है। प्रदेश के समस्त लैब टेक्नीशियन, लैब सहायक, प्रशिक्षित बेरोजगार एवं डीएमएलटी, बीएससीएलटी छात्र सरकार के इस मनमाने फैसले के खिलाफ एकमत और आक्रोशित है। निजीकरण के मुद्दे पर लैब टेक्नीशियन संघ ने अपने एक-एक बिंदू से सरकार को होने वाले आर्थिक नुकसान, जांच की गुणवत्ता को होने वाले नुकसान, बेरोजगार से लेकर क्वालिटी कंट्रोल, एक छत के नीचे दो योजनाएं, दूसरे राज्यों में इसका असफल प्रयोग जैसे सभी मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर सरकार को चेताने का काम किया है। यदि सरकार ने अपना तुगलकी फरमान वापिस नहीं लिया तो मरीजों और लैब कार्मिकों के साथ होने वाले खिलवाड़ के लिए आवाज को और अधिक बुलंद करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त सचिव चंद्रमोहन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष राजेंद्र ढाका, श्यामसुंदर गोयल, सुनिता मीणा, संगम वर्मा, तबस्सुम, संगीता, हिमांशु, मुरलीधर, संदीप पूनियां आदि लैब कार्मिक उपस्थित रहे।

### तेजादशमी शोभायात्रा को लेकर बैठक

**पाटन** (निसं)। गुर्जर छात्रावास हिरानगर, नीमकाथाना में शनिवार को एक महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों एवं युवाओं ने भाग लिया। बैठक में आगामी 2 सितम्बर को आयोजित होने वाली तेजा दशमी शोभायात्रा के आयोजन को लेकर उत्साहपूर्वक चर्चा की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि खेतडी मोड पर गुर्जर समाज की ओर से पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया जाएगा। बैठक में मौजूद समाज के प्रतिनिधियों एवं युवाओं ने लोकदेवता तेजाजी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आव्हान किया। इस अवसर पर तेजा दशमी शोभा यात्रा का भव्य पोस्टर विमोचन भी किया गया, जिसे देख कर युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में जिला पार्षद प्रतिनिधि राजपाल डोई, बाबूलाल गुर्जर आगवाड़ी, मालीराम, एडवोकेट श्रीराम गुर्जर सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक व सैकड़ों युवा उपस्थित रहे। सभी ने तेजाजी महाराज की शोभा यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया।

### एडीएम को ज्ञापन सौंपा

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के जिलाध्यक्ष अशोक कटेवा के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में महिला शिक्षकों की एक ही पारी में ड्यूटी लगाने को लेकर महिला शिक्षकों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। महिला विंग की संयोजक उम्मेद कुमारी ने बताया कि दोनों पारियों की ड्यूटी में लगभग तेरह-चौदह घंटे का समय व्यतीत होता है। जबकि महिलाओं को घर परिवार, छोटे बच्चों, वृद्ध सास ससुर के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ काफी समस्याओं का सामना करना पडता है। इस पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सहानुभूतिपूर्ण वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में कौशल्या कुमारी, जमना, सुशीला, अल्का, पुष्पा, प्रांतीय सदस्य नरेन्द्र झाझड़िया, इरफान अहमद, विक्रम डांगी, अब्दुल मजीद खान सहित काफी संख्या में महिला व पुरुष शिक्षक शामिल थे।

### विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुरवाटी** (निसं)। सरजुसागर कोट बांध पर स्थित योगीश्वर महादेव सिद्ध पीठ पर बह्मलीन योगीजीवन नाथ महाराज की पाचवीं पुण्यतिथि पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए। पीठ की महंत डॉ.योगीश्री नाथ महाराज ने बताया कि मेरे गुरू योगी जीवननाथ महाराज की 5वीं पुण्य तिथि पर चरण पादूकाओं का पूजन किया गया। अलवर के जयश्रीराम गुरप ने सुंदरकांड का पाठ किया। दोपहर में 12 बजे भोग के बाद में सैकडों लोगों को प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान पूर्व कुलपति डॉ. लोकेश सिंह शेखावत, साध्वी प्रमिला प्रिया शरण वृंदावन, साध्वी सत्यनाथ डूंडलोद, सीताराम निरंजनी नवलगढ़, मंजीबाबा कोलस्या, सतगुरू महाराज परसरामपुरा समेत कई संत महंतों ने भाग लिया।

# नौनिहालों ने 501 पौधे लगाए

**चिड़ावा** (निसं)। शहर की झुंझुनू रोड स्थित एम.डी. लिटिल फ्लावर स्कूल के विद्यार्थियों ने विद्यालय की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 501 पौधे विद्यालय परिसर व दादा सत्ता मंदिर के प्रांगण में रोपित किए।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में चेयरमैन सुनील डांगी, डायरेक्टर समित डांगी और प्रिंसिपल अंकित शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन सुनील डांगी और डायरेक्टर समित डांगी ने पौधारोपण कर किया । विद्यार्थियों को संबोधित करते चेयरमैन सुनील डांगी ने कहा कि वृक्ष केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि वे जीवन का आधार हैं। पेड़ हमें छाया, फल, फूल, औषधियाँ और सबसे बढ़कर स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं। यदि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन देना है, तो आज से ही वृक्षों की सुरक्षा और अधिक से अधिक पौधारोपण को अपनी जिम्मेदारी मानना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जब-जब हम एक पेड काटते हैं, तब-तब हम आने वाली पीढी का भविष्य काटते हैं।

डायरेक्टर समित डांगी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण से जुडी कई रोचक जानकारियाँ दीं और उन्होंने कहा की अगर हर बच्चा यदि अपने घर या गली में एक पौधा लगाकर उसकी रक्षा करे, तो यह एक बड़ी हरित क्रांति का रूप ले सकता है। प्रिंसिपल अंकित शर्मा ने भी विद्यार्थियों के साथ पौधे लगाए और उन्हें पौधों की विभिन्न प्रजातियों तथा उनके लाभ बताए। नौनिहालों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। बच्चों ने पौधों को अपने मित्र की तरह अपनाने का संकल्प लिया और उन्हें बडा होने तक संभालने का वादा किया।

इस दौरान विद्यालय संयोजक मनोज वर्मा, उदित योगी, मनीष शर्मा, सुनील, सरिता, मनोज, मंजु मनीषा स्वामी, मनीषा योगी, निधी, पायल, आरती, अनिता, सीमा, अमितांश, निर्मला, ट्विंकल, अंजना, वर्षा, कोमल, बबिता, निरज, कविता, नीतू खान, मोनिका, मोनिका शर्मा, काजल, धर्मपाल लाम्बा, पी. एल. सोनी सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

### मेले का आयोजन आज

**झुंझुनूं,** (निसं)। समीपवर्ती गांव आबूसर में 31 अगस्त को श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज के मंदिर प्रांगण मे रात्रि जागरण व विशाल मेले का आयोजन होगा। इस धार्मिक आयोजन के संयोजक महेश बसावतिया ने बताया कि इस आयोजन की अध्यक्षता डॉ. मनोजसिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय मानवाधिकार परिषद करेंगे व विशिष्ट अतिथियों में पिलानी विधानसभा भाजपा प्रत्याशी व जिला महामंत्री राजेश दहिया, राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय महला, गुलजारीलाल कालेर निदेशक प्रिंस स्कूल झुंझुनूं, गुलजारीलाल शर्मा जिलाध्यक्ष विप्र सेना, विनोद पुजारी जिलाध्यक्ष पुजारी सेवक महासंघ रजि व रामचंद्र शर्मा पाटोदा समाजसेवी होंगे।

### उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। मजदूरी कार्य के दौरान सीकर में हुई दुर्घटना में लक्ष्मनगढ के पवन कुमार चुनवाल को अनुचित रूप से परेशान किए जाने के मामले में सैनी समाज संस्था ने अध्यक्ष रामगोपाल चुनवाल के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया 27 अगस्त को पवन कुमार अपने साथी इरफान के साथ सीकर में सेटरिंग का कार्य करने गया था। काम के दौरान इरफान के हाथ में लोहे का जैक पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टच हो गया। जिससे वह घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान के मौत हो गई।

# खोरा में भैंरुजी महाराज की कलश यात्रा निकाली

■ कुश्ती दंगल में राम अवतार गुर्जर ने 11 हजार की कुश्ती जीती

**पाटन** (निसं)। ग्राम खोरा में स्थित भैरुजी महाराज के मंदिर परिसर से शनिवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर नगर में भक्तिमय वातावरण रहा। यात्रा की शुरुआत मंदिर परिसर से हुई, जो नगर की परिक्रमा करते हुए पुनः मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। यात्रा में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कलश धारण कर भक्ति भाव से यात्रा निकाली। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

पुजारी कजोड मल गुर्जर ने बताया कि कलश यात्रा के पश्चात भैरुजी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना, आरती व भोग अर्पण के साथ भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भैरुजी महाराज को धोक लगाकर अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के अंतर्गत सायंकाल कुश्ती दंगल का आयोजन भी किया गया, जिसमें कई नामी पहलवानों ने भाग लिया। दंगल की अंतिम और सबसे चर्चित कुश्ती 11,000 की रही, जिसमें राम अवतार गुर्जर (गोपाल अखाड़ा, गणेश्वर) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजयी पताका फहराई। विजेता पहलवान को सम्मानित कर पुरस्कार भेंट किया गया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। भंडारा देर रात तक चलता रहा। इससे पूर्व रात्रि जागरण में कलाकारों द्वारा भक्ति रस में डूबे भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के समाजसेवियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

# भगवान देवनारायण के घोड़े लीलाधर के जन्मोत्सव पर हुए कार्यक्रम

■ मेला भरा,इस बार मेले में करीब आठ लाख रुपए तक की जमकर बिक्री हुई

**झुंझुनूं,** (निसं)। देसूसर गांव के भरगड़ों की ढाणी स्थित श्री देवनारायण मंदिर पर भादवी छठ के अवसर पर भगवान श्री देवनारायण के प्रिय घोडे लीलाधर का जन्मोत्सव बडे धूमधाम के साथ मनाया गया।

कलशयात्रा के शुरू हुए दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम में बडी संख्या श्रद्धालुओं की भीड उमड़ी। भादवी छठ पर श्री देवनारायण मंदिर परिसर में मेला भरा। इस बार मेले में जमकर खरीददारी की गई। खिलौने के अलावा लोगों ने नियमित घरेलू काम में आने वाले लोहे के सामान की ज्यादा खरीददारी की। इस बार मेले में अनुमानित करीब आठ लाख रुपए तक की बिक्री हुई। मेले में बच्चों के लिए जहां एक ओर छोटे झूलें लगाए गए तो वहीं युवा कलाकारों की जादूई कला के प्रदर्शन से प्रभावित हुए।

इसके अलावा ऊंट नृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसको मंदिर कमेटी ने पारितोषिक दिया। इससे पहले भक्तों ने देवनारायण भगवान की प्रतिमा के समक्ष खडे होकर मावे से बनी केक को काटकर घोडे लीलाधर का जन्मोत्सव मनाया। इसी दिन प्रसाद में भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया।

**वार्षिक कार्यक्रम में यह आयोजन हुए:-** गुरूवार से शुरू हुए दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम के दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरुवार को सुबह शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और नवविवाहिताएं शामिल हुई।

डीजे के साथ नाचते-गाते गांव के मुख्य मार्ग से शोभायात्रा गुजरी। दोपहर बाद मंदिर परिसर में नवनिर्मित मंदिर में विधि विधान के साथ भगवान शिव परिवार की प्रतिमा को स्थापित किया गया। रात को भजन संध्या हुई। जिसमें कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। शुक्रवार को भादवी छठ पर भक्तों ने केक काटकर भगवान देवनारायण के प्रिय घोडे लीलाधर का जन्मोत्सव मनाया। प्रसाद में भंडारा लगाया गया। तो वहीं मेले में जमकर खरीददारी हुई।

### न्यायाधीश ने उपकारागृह रतनगढ़ का निरीक्षण किया

**रतनगढ़** (निसं)। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रविंद्र कुमार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू डॉ. शरद व्यास के निर्देशन में उपकारागृह रतनगढ़ का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कौशिक तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण जांगिड भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान बंदियों की समस्याओं, भोजन व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा, चिकित्सा आदि का अवलोकन कर आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही बंदियों को कानूनी सहायता संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। निरीक्षण के समय उपकारागृह में कुल41 बंदीमौजूद थे। इस दौरान तालुका सदस्य संतोष बाबू इंदौरिया एवं पैनल अधिवक्ता लक्ष्मण प्रजापत भी उपस्थित रहे।